(c) if so, the results thereof ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF STEEL AND MINES (SHRI SHAHNAWAZ KHAN) · (a) Yes, Sir.

(b) and (c). The local police have registered a case and it is still under investigation.

श्रमिक शिक्षा योजना

4951. **श्री धनशाह प्रधान** : क्या श्रम और पुनर्वास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केन्द्रीय श्रमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा श्रमिक शिक्षा योजना के अन्तर्गत 30 क्षेत्रीय केन्द्र स्थापित किये गये हैं जहा सरकारी और गैर-सरकारी संस्थानों के श्रमिक शिक्षकों को इस दृष्टि से प्रशिक्षण दिया जाता है जिससे कि वे उद्योगों का विकास करने और उनमे उत्पादन बढ़ाने के सम्बन्ध मे श्रमिकों को शिक्षा दे सके;

(ख) यदि हां, तो क्या श्रमिक शिक्षा योजना के सम्बन्ध मे कोई अधिनियम अथवा नियम बनाये गये है, और

(ग) योजना के उद्देश्य क्या है ?

श्रम और पुनर्वास मन्त्री (श्री आर० के० खाडिलकर) : (क) केन्द्रीय श्रमिक शिक्षा बोर्ड ने श्रमिक शिक्षा योजना को कार्यान्वित करने के लिए देश के विभिन्न स्थानों पर 30 प्रादेशिक केन्द्र स्थापित किए हैं। पाठ्य विवरण में उत्पादन, आर्थिक विकास, मजदूर संघवाद से सम्बन्धित विषय तथा श्रमिकों के हित के अन्य विषय शामिल हैं।

(ख) यह योजना स्वैच्छिक आधार पर कार्यान्वित की जा रही है। कोई विधान नही बनाया गया है। तथापि बोर्ड के, एक पंजीकृत "सोसायटी" के रूप मे, अपने नियम और विनियम है।

(ग) योजना के उद्देश्य और लक्ष्य इस प्रकार है :—

(i) अधिक अच्छे प्रशिक्षित पदाधिकारियों और अधिक प्रबुद्ध सदस्यों के माध्यम मे सुदृढ तथा अधिक प्रभावशाली मजदूर संघों का विकास करना।

(ii) सामान्य श्रमिकों मे नेतृत्व का विकास करना और मजदूर संघ संगठन तथा प्रशासन मे लोकतंत्रात्मक प्रक्रिया और परम्परा के विकास को बढ़ावा देना।

(iii) लोकतन्त्रात्मक समाज मे उचित स्थान प्राप्त करने और सामाजिक तथा आर्थिक कार्यों एवं दायित्वो के कारगर ढंग से पूर्ति करने के लिए संगठित श्रमिको को तैयार करना।

(iv) श्रमिकों को उनके यूनियन के सदस्यो और पदाधिकारियो तथा नागरिको के रूप मे उनके आर्थिक वातावरण और अधिकारो एवं दायित्वो की समस्याओ का अधिकाधिक ज्ञान प्राप्त कराना।

सिमेंट मजूरी बोर्ड की सिफारिशों की क्रियान्विति

4952. **श्री धनशाह प्रधान** : क्या श्रम और पुनर्वास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :